Regarding construction of rail over bridge at Chandwa-laid

श्री काली चरण सिंह (चतरा) : झारखंड राज्य का चतरा संसदीय क्षेत्र वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित है और यह जिला भारत सरकार द्वारा घोषित आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल है । विगत एक दशक में केंद्र सरकार के प्रयासों और गृह मंत्रालय के विशेष कार्यक्रमों के तहत इन आकांक्षी जिलों में विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हुआ है । सड़कों के निर्माण और सघनता ने सड़कों के संपर्कों को सुधारकर विकास दर को गति दी है । NH-22 चंदवा-चतरा-लातेहार मुख्य मार्ग है, जो चोपन-गोमो रेल लाइन को पार करता है । चंदवा में रेल ओवर ब्रिज की अनुपस्थिति के कारण क्षेत्रवासियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । यह क्षेत्र वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित है और रेल ओवर ब्रिज की कमी ने सुरक्षा और आवागमन में अतिरिक्त समस्याएं उत्पन्न की हैं । वर्षों से स्थानीय लोगों की मांग रही है कि चंदवा में गोमो-चोपन रेल लाइन पर एक रेल ओवर ब्रिज का निर्माण हो । इस महत्वपूर्ण मांग को देखते हुए, मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि माननीय रेल मंत्री जी चंदवा में रेल ओवर ब्रिज बनाने की पहल करें, जिससे इस क्षेत्र के निवासियों को राहत मिल सके और विकास को और प्रोत्साहन मिले ।